## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 08.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- जीएसटी घोटाला मामले में इडी ने धनबाद के झरिया से व्यवसायी अमित अग्रवाल को किया गिरफ्तार, कई अहम दस्तावेज और लैपटॉप जब्त।
- जेपीएससी ने हाईकोर्ट में दायर किया शपथ पत्र, विश्वविद्यालयों में नियमित असिस्टेंट प्रोफेसरों और शिक्षकेतर कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया दो माह में होगी शुरु।
- जमशेदपुर की पर्यावरण कार्यकर्ता जमुना टुडू, रांची के किसान रामदास बेदिया और गुमला की बेटी शुभांगी को राष्ट्रपति ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए किया आमंत्रित, एट होम कार्यक्रम में भी होंगे शामिल।
- साहिबगंज में गंगा और अन्य सहायक नदियां उफान पर, निचले इलाकों में घुसा पानी, स्थानीय लोगों पर बढ़ा विस्थापन का खतरा।
- राज्य स्तरीय ओपन जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में साहिबगंज का रहा दबदबा, जामताड़ा की सविता ने बनाया नया रिकार्ड।

********************

करीब 730 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाला मामले में इडी ने धनबाद के झरिया निवासी व्यवसायी अमित अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है। कल से ही उनके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी। छापेमारी के दौरान इडी की टीम ने कई अहम दस्तावेज और लैपटॉप भी जब्त किया है।

********************

झारखंड उच्च न्यायालय में विश्वविद्यालयों में नियमित असिस्टेंट प्रोफेसरों और शिक्षकेतर कर्मियों की नियुक्ति को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान जेपीएससी ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि सभी पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया अगले दो माह के भीतर शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए विज्ञापन भी जल्द जारी किया जाएगा।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के कई लोगों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इनमें जमशेदपुर की पर्यावरण कार्यकर्ता पद्मश्री जमुना टुडू, रांची के अनगड़ा प्रखंड के बीसा गांव के किसान रामदास बेदिया और गुमला की बेटी शुभांगी प्रमुख रुप से शामिल हैं।

********************

आजसू पार्टी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख सुदेश महतो का नाम उग्रवादियों द्वारा हिटलिस्ट में रखने की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने श्री महतो की सुरक्षा की नए सिरे से समीक्षा करने का भी आग्रह किया है।

********************

आजसू के संस्थापक सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता रहे स्व शहीद निर्मल महतो की 38 वीं पुण्यतिथि आज राज्यभर में मनायी जा रही है। रांची में भी उन्हें याद किया जा रहा है। आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने जेल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनकी शहादत को याद किया।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

साहिबगंज जिले में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और निचले इलाकों में पानी घुस आया है। उधवा प्रखंड के श्रीधर साहेबटोला में बाढ़ नियंत्रण के लिए बनाए गये पत्थर वाल गंगा नदी में समाने लगे हैं। इससे इलाके में रहने वाले लोगों पर विस्थापन का खतरा बढ़ रहा है।

********************

पश्चिमी सिंहभूम ज़िले में एक पेड़ मां के नाम अभियान का प्रभावी संचालन किया जा रहा है और इसके तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

********************

अमेरिका में शुल्क को लेकर नए सिरे से चिंता के बीच आज भारतीय बेंचमार्क सूचकांक गिरावट के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में आईटी और वित्तीय सेवा क्षेत्रों में बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 521 अंक की गिरावट के साथ 80 हजार 102 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 158 अंक की गिरावट के साथ 24 हजार 438 पर था।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 93 हजार 4 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 21 हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

मौसम विभाग ने नौ से 11 अगस्त तक राज्य के कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा इन जगहों पर गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है।

********************

साहिबगंज के सिद्धो–कान्हू स्टेडियम में आयोजित चौथी झारखंड राज्य स्तरीय ओपन जेवलिन थ्रो एथलेटिक्स प्रतियोगिता में साहिबगंज के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। पुरुष ओपन वर्ग में आकाश यादव ने 69.10 मीटर थ्रो कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं जामताड़ा की सबिता मुर्मू ने बालिका अंडर 18 में 46 दशमलव नौ शून्य मीटर थ्रो कर राज्य के पुराने रिकार्ड को तोड़ दिया।

*******समाप्त*******